| पद क्रमांक | मंडल | केन्द्र | रिक्त–पद | पद क्रमांक | मंडल | केन्द्र | रिक्त–पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | जयपुर | बीकानेर | 1 | 43 | महाराष्ट्र/एमएमआरडी | नासिक | 1 |
| 34 | | उदयपुर | 1 | 44 | उत्तर–पूर्व | डिब्रूगढ़ | 1 |
| 35 | | जोधपुर | 1 | 45 | | सिल्चर | 1 |
| 36 | | कोटा | 1 | 46 | पटना | मुजफ्फरपुर | 1 |
| 37 | लखनऊ | लखनऊ | 1 | 47 | | पूर्णिया | 1 |
| 38 | | वाराणसी | 1 | 48 | तिरुवनंतपुरम | तिरुवनंतपुरम | 1 |
| 39 | | बरेली | 1 | 49 | | एर्णाकुलम | 1 |
| 40 | | इलाहाबाद | 1 | 50 | | कोझिकोडे | 1 |
| 41 | महाराष्ट्र/एमएमआरडी | मुंबई | 2 | 51 | | त्रिशूर | 1 |
| 42 | | औरंगाबाद | 1 | 52 | | कोट्टयम | 1 |

**पद क्रमांक 2 – विश्लेषण प्रबंधक – मुंबई अथवा बैंक के निर्णयानुसार**
**पद क्रमांक 3 – धोखाधड़ी प्रबंधन परामर्शदाता – मुंबई और हैदराबाद**
(तैनाती का स्थान केवल सांकेतिक है, चुने गये उम्मीदवार बैंक के स्वविवेक पर तैनात किए जाएंगे.)

## ग. शैक्षणिक योग्यता/अनुभव का ब्योरा:

| पद क्रमांक | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता | योग्यता के पश्चात् अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1. | **बैंक चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ-II)** | 31.03.2019 को.<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/भारतीय चिकित्सा परिषद् (एमसीआई) द्वारा अनुमोदित कॉलेज से एमबीबीएस | **अनिवार्य अनुभव (31.03.2019 को)**<br>क) एमबीबीएस उपाधि धारकों के लिए – भारतीय चिकित्सा परिषद् के पास पंजीकरण की तारीख से पात्रता की तारीख (31.03.2019) को गिने गए सामान्य चिकित्सक के रूप में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव (प्रशिक्षुता के दौरान प्राप्त अनुभव को पात्रता के लिए नहीं गिना जाएगा)<br>ख) स्नातकोत्तर उपाधि धारकों के लिए – एमबीबीएस उपाधि धारकों के लिए – भारतीय चिकित्सा परिषद् के पास पंजीकरण की तारीख से पात्रता की तारीख (31.03.2019) को गिने गये सामान्य चिकित्सक के रूप में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव (प्रशिक्षुता के दौरान प्राप्त अनुभव को पात्रता के लिए नहीं गिना जाएगा) |
| 2. | **विश्लेषक प्रबंधक** | 31.03.2019 को.<br>सनदी लेखाकार (सीए)/एमबीए (वित्त) अथवा उसके समकक्ष/स्नातकोत्तर डिप्लोमा (वित्त) अथवा उसके समकक्ष | **अनिवार्य अनुभव (31.03.2019 को):** कॉरपोरेट वित्त/कॉरपोरेट ऋण (मंजूरी/ऋण निगरानी) के क्षेत्र में 31.03.2019 को न्यूनतम 5 वर्ष का योग्यता के पश्चात् अनुभव. बैंकिंग का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी.<br>तथापि, किसी गैर–बैंकिंग वित्तीय संस्था में समान अनुभव रखने वाले आवेदक भी आवेदन कर सकते हैं. |
| 3. | **धोखाधड़ी नियंत्रण परामर्शदाता** | आवेदक को भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी/राज्य पुलिस सेवा अधिकारी, पुलिस उप अधीक्षक के पद से नीचे का नहीं, के पद से सेवानिवृत्त होना चाहिए और सतर्कता/आर्थिक अपराध/साइबर अपराध विभागों में कार्य किया हुआ/संभाला होना चाहिए. | अपनी सेवा के दौरान अन्वेषण कार्यों में अन्वेषण/पर्यवेक्षण के संचालन में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव |

## घ. जॉब प्रोफाइल और प्रमुख कार्यनिष्पादन क्षेत्र:

| पद क्रमांक | पद का नाम | भूमिका/ जॉब प्रोफाइल और प्रमुख कार्यनिष्पादन क्षेत्र: |
|---|---|---|
| 1. | **बैंक चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ-II)** | **बीएमओ की जिम्मेदारियों में निम्नलिखित शामिल होंगे:**<br>• बैंक के औषधालय में बुलाकर अधिकारियों/आश्रितों/पेंशनभोगियों की बीमारियों का इलाज करना<br>• बैंक के मरीजों को सूचीबद्ध अस्पतालों में भर्ती करने हेतु आवश्यक प्रबंध करना<br>• अस्पतालों और नैदानिक केंद्रों के साथ गठजोड़ का प्रबंध करना और समय–समय पर उनका दौरा तथा पुनरीक्षण करना<br>• आवश्यकतानुसार, कर्मचारियों को अस्पतालों/नैदानिक केंद्रों में भेजना<br>• आवश्यक होने पर, बैंक के विभिन्न सूचीबद्ध अस्पतालों में भर्ती बैंक कर्मचारियों पर ध्यान देना<br>• बजट बनाना, बैंक के औषधालयों में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखना और दवाओं का उचित उपयोग सुनिश्चित करना<br>• प्रत्येक केंद्र के लिए चिकित्सा प्रभारों का मानकीकरण करना<br>• कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के अस्पताल में भर्ती होने के बिलों सहित चिकित्सा बिलों की जांच<br>• बैंक द्वारा संविदा पर नियुक्त किए गए कर्मचारियों सहित बैंक में नये भर्ती/पदोन्नत कर्मचारियों की चिकित्सा जांच करना और संबंधित विभागों/शाखाओं को रिपोर्टें प्रस्तुत करना<br>• विभिन्न अधिकारियों द्वारा भेजे गए संदर्भों के संबंध में उपयुक्त टिप्पणियां/सलाह प्रस्तुत करना<br>• किसी आपातकालीन स्थिति में जब भी बुलाया जाए कार्यालय समय के बाद कर्मचारियों की आवश्यकताएं पूरी करना<br>• कल्याणकारी उपायों के रूप में दी जाने वाली सभी नई और विविधीकृत चिकित्सा सुविधाओं के तकनीकी पहलुओं पर ध्यान देना<br>• चिकित्सा विभाग के प्रशासन का निरीक्षण करना<br>• औषधालय को सक्षमतापूर्वक चलाने के लिए आवश्यक सभी मामलों पर ध्यान देना<br>• चिकित्सा बोर्ड की सेटिंग के साथ समन्वय करना<br>• कल्याण शिविर/व्याख्यान आयोजित करना तथा हमारे कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य निवारक देखभाल उपाय करना<br>• औषधालय का उचित रखरखाव सुनिश्चित करना, समय–सूची/समय की पाबंदी का पालन करना, कर्मचारियों के डिजिटल चिकित्सा अभिलेखों का रखरखाव सुनिश्चित करना, पात्र अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराना आदि सुनिश्चित करना। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जब भी सौंपा जाए कोई अन्य संबंधित कार्य करना |
| 2. | **विश्लेषक प्रबंधक** | **संक्षिप्त जॉब प्रोफाइल एवं पद के उत्तरदायित्व के मुख्य क्षेत्र**<br>• मंजूरी–पश्चात् ऋण निगरानी कार्यकलाप करना<br>• मंजूरी–पश्चात् निगरानी उपकरणों में सृजित आंकड़ों का विश्लेषण करना<br>• बैंक की आस्ति की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार करना<br>• बाह्य स्रोतों से आंकड़ों तथा आस्तियों की गुणवत्ता पर उसके निहितार्थ का विश्लेषण करना |
| 3. | **धोखाधड़ी नियंत्रण परामर्शदाता** | **धोखाधड़ी प्रबंधन परामर्शदाता की भूमिका तथा उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं–**<br>• धोखाधड़ी के मूल कारण की पहचान करने में जांच अधिकारियों की सहायता करना<br>• प्रतिमान (पैटर्न) का विश्लेषण करना तथा समान प्रकृति वाली धोखाधड़ियों के मामले में उपचारात्मक उपाय सुझाना<br>• पुलिस/डीबीई/ईओडब्ल्यू/अन्य सरकारी जांच एजेंसियों के साथ निपटने के अर्थोपाय सुझाना<br>• धोखाधड़ी के कानूनी दृष्टिकोण का विश्लेषण करना तथा उपयुक्त दृष्टिकोण सुझाना<br>• बैंक द्वारा किसी कठिनाई का सामना किए जाने पर तथा उन्हें आगे बढ़ाने में अपने विगत संपर्कों का उपयोग करके प्रथम सूचना रिपोर्टें (प्राथमिकी) दर्ज कराने में बैंक की सहायता करना<br>• जांच एजेंसियों के अनावश्यक उत्पीड़न से अपने अधिकारियों की रक्षा करने में बैंक की सहायता करना<br>• किसी विशेष राज्य के स्थानीय कानूनों की व्याख्या करने में सहायता करना<br>• धोखाधड़ी प्रबंधन में हुई नई प्रगति के बारे में जानकारी साझा करना<br>• समाधान/वसूली में शीघ्रता लाने हेतु जांच एजेंसियों के साथ संपर्क रखना<br>• विनियोजन के दौरान नियंत्रक (मंडल के वरिष्ठतम महाप्रबंधक) द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य करना |

